# संविधान दिवस पर कलक्टर ने सरकारी कार्मिकों को दिलाई शपथ

## कलेंडर के अनुरूप जिले भर में होंगे विभिन्न आयोजन



**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** अजमेर जिला कलेक्टर लोक बंधु ने संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित एक विशेष समारोह में सरकारी कार्मिकों को संविधान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर केंद्र और राज्य सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार विभिन्न सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर भी आयोजन किए गए।

कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में बड़ी संख्या में सरकारी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। जिला कलेक्टर लोक बंधु ने इस अवसर पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और संविधान निर्माताओं का स्मरण करते हुए उनके द्वारा दिए गए सिद्धांतों और मूल्यों का पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे देश की नींव है और इसके सिद्धांतों को लेकर आगे बढ़ने से ही हम विकसित और समृद्ध भारत का निर्माण कर सकते हैं।

### कलेंडर के अनुरूप जिले में विभिन्न आयोजन

लोक बंधु ने कहा संविधान दिवस केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारे संविधान और उसके निर्माता बाबा साहब अंबेडकर के योगदान को याद करने और उनके सिद्धांतों का पालन करने का दिन है। हमें उनके बताए रास्ते पर चलकर एक मजबूत और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण करना चाहिए।

उन्होंने बताया कि जिले में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नागरिकों को संविधान के महत्व और उसके सिद्धांतों के बारे में जागरूक किया जाएगा। कलेंडर के अनुरूप जिले में विभिन्न स्थानों पर संगोष्ठियों, व्याख्यानों सहित कई कार्यक्रम होंगे, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों को शामिल किया जाएगा।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने सभी सरकारी कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि वे संविधान के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखें और अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए जनता की सेवा करें। उन्होंने कहा कि संविधान हमें न केवल हमारे अधिकारों की जानकारी देता हैए बल्कि हमारे कर्तव्यों की भी याद दिलाता है।

इसलिएए हमें अपने अधिकारों के साथ साथ अपने कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए। उपस्थित सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों ने संविधान की शपथ लेकर उसकी रक्षा और पालन करने का संकल्प लिया।

# पुष्कर सरोवर में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



**मॉर्निंग न्यूज @ पुष्कर।** उत्पति एकादशी के पावन पर्व पर मंगलवार को श्रद्धालुओं ने पुष्कर तीर्थ सरोवर में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य कमाया और ब्रह्मा मंदिर में दर्शन कर सुख समृद्धि की प्रार्थना की। ब्रह्मा मंदिर, रंगनाथ वैकुंठ मंदिर, पुराने वेणुगोपाल मंदिर, वराह मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में धार्मिक आयोजनों के महाआरती हुई तथा प्रतिमाओं का श्रृंगार कर फूल बंगला सजाया गया। उत्पति एकादशी पर्व पर देवी शक्ति के प्रतीक जोगणिया धाम में विराजित सातू बहना का उपासक भंवर लाल वर्मा के सानिध्य मे वेद मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत अभिषेक व पूजन किया गया। मनमोहक श्रृंगार के बाद महाभोग लगाया गया देर शाम को आरती हुई। ज्योतिर्विद पंडित कैलाश नाथ दाधीच ने बताया कि धार्मिक ग्रंथों में 12 एकादशी का जन्म उत्पति एकादशी को बताया गया है, इसी दिन से एकादशी व्रत का शुभारंभ करने का उल्लेख मिलता है। सरोवर के बद्री घाट पर एकादशी महाआरती संघ के सानिध्य में सरोवर की पूजा अर्चना अभिषेक दीपदान के बाद पंडित शंशाक पाराशर द्वारा महाआरती की गई। गायक कलाकार रामपाल काला मंडली द्वारा भजन संकीर्तन किया गया जिसमे देशी विदेशी सैलानियों ने शिरकत की।

### श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 6 से

**अजमेर।** अजमेर शहर के जवाहर रंगमंच के पीछे श्रीराम धर्मशाला में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 6 से 12 दिसम्बर दोपहर 1 से शाम पांच बजे आयोजित होगा। मनीष शर्मा ने बताया कि जवाहर रंगमंच के पीछे श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 6 दिसम्बर से किया जाएगा। जगदगुरू श्री निम्बार्काचार्य श्रीजी महाराज के चरण रज सेवक रवि शंक शास्त्री के श्रीमुख द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा।

# कांग्रेस ने संविधान बचाओ दिवस मनाया

## बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन





**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** संविधान दिवस पर कांग्रेस ने मंगलवार को संविधान बचाओ दिवस के रूप में मनाया। कांग्रेस नेताओं ने अंबेडकर सर्किल पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और भाजपा पर निशाना साधा। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता और अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, अजमेर उत्तर विधानसभा प्रत्याशी महेंद्र सिंह रलावता सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रामचंद्र चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत में भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भाजपा नेता संविधान को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा भाजपा की नीतियां और कार्य संविधान के मूल सिद्धांतों के खिलाफहैं। कांग्रेस को अपने मतभेद दूर करके इस आंदोलन को सफल बनाना होगा। अजमेर उत्तर विधानसभा प्रत्याशी महेंद्र सिंह रलावता ने भी भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा लोकतंत्र को जिंदा रखने के लिए हमें संविधान बचाना होगा। भाजपा देश को बांटने का काम कर रही है और हम इसे किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देंगे। रलावता ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और हर संभव प्रयास करेगी। कार्यक्रम में कांग्रेसी नेताओं ने संविधान की रक्षा और उसके महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संविधान ही देश की एकता और अखंडता का आधार है और इसके संरक्षण के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संविधान के सिद्धांतों को बचाने और उन्हें मजबूत करने का संकल्प लिया। बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद किया। भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर भारत संविधान रक्षा एवं सिद्धांतों के प्रति पार्टी के समर्पण पर 60 दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत् पुष्कर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा डॉ.भीमराव अम्बेडकर उद्यान में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष व पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री नसीम अख्तर इंसाफके नेतृत्व में वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन कर संविधान दिवस मनाया।

इस अवसर पर मुख्यवक्ता शिक्षाविद् पूनम चन्द परसोया ने भारतीय संविधान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी एवं पी सी सी उपाध्यक्ष नसीम अख्तर इंसाफने अपने विचार रखे और पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संविधान की रक्षा करने की शपथ दिलाई।

# युवती से पर्स लूट की वारदात

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** अजमेर के क्रिश्चियन गंज थाना क्षेत्र में पर्स लूट की घटना सामने आई है। स्कूटी सवार दो बदमाश एक युवती का पर्स छीनकर फरार हो गए। पर्स में मोबाइल, आधार, पैन कार्ड, एटीएम और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। पीड़ित युवती ने मामले की शिकायत क्रिश्चियन गंज थाने में दर्ज करवाई है।

क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस के अनुसार, गौरी नगर निवासी ऋचा सिंह ने बताया कि वह ईदगाह रोड स्थित एक मेडिकल स्टोर से दवा लेकर वापस आ रही थी। इस दौरान स्कूटी पर सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर उसका पर्स छीन लिया। ऋचा सिंह ने बताया कि उसने बदमाशों का पीछा किया और चिल्लाई, लेकिन दोनों बदमाश तेजी से भाग निकले।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि पर्स में उसका मोबाइल, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम और नगदी सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। घटना की सूचना मिलने पर क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि बदमाशों की पहचान हो सके और उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

# बीसलपुर बांध लबालब, फिर भी शहर में पानी की किल्लत

## सर्दी में भी 72 घंटे के अन्तराल से हो रही जलापूर्ति

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** एक ओर जहां अजमेर की लाइफ लाइन बीसलपुर बांध मानसून में लबालब है, उसके बावजूद भी अजमेर शहर में पानी किल्लत बनी हुई है। सर्दी के दिनों में भी कम दबाव से 72 घंटे के अंतराल पर पानी की आपूर्ति की जा रही है। जिन क्षेत्रों में पानी की किल्लत बनी हुई है, क्षेत्रवासियों ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई है। श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने राज्य सरकार व जिला प्रशासन से मांग की है कि शहर की जलापूर्ति दुरुस्त की जाए। महासंघ के पदाधिकारी रमेश लालवानी ने बताया कि शहर की विनायक विहार कॉलोनी,बी के कौल नगर, सिसोदिया गार्डन कॉलोनी, सिलावट और विनायक विहार कॉलोनी, पुष्कर रोड वार्ड संख्या 3 में लंबे समय से पीने के पानी की भीषण समस्या बनी हुई है। पांच दिनों के अंतराल पर पीने के पानी की सप्लाई मात्रा एक घंटे कम दबाव से की जा रही है, जिससे क्षेत्रवासियों को पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सुरेश तंबोली, यासीन खान, अंजली, भरतडा, नितिन जैन, नवीन शर्मा आदि ने बताया कि सर्दीयो में भी 72 घंटे के अंतराल से पानी की अनियमित आपूर्ति की जाती है। उन्होंने कहा कि मानसून सत्र में बीसलपुर बांध पानी से लबालब भरा है उचित मात्रा में पानी उपलब्ध होने के बाद भी पानी की किल्लत बनी हुई है। सिसोदिया गार्डन कॉलोनी विकास समिति के यासीन खान सिलावट, श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के रमेश लालवानी, आगरा गेट के सुरेश तम्बोली, गंज व्यापारिक एसोसिएशन के पूनमचन्द बालोटिया, ऑल इंडिया कौमी एकता कमेटी के बदरुद्दीन कुरैशी, अजयमेरू सेवा समिति के अनवर हुसैन घोसी, हरि ओम कॉलोनी विकास समिति सुधन वर्मा, वर्षा दुहिलानी, अखिल भारतीय जन कल्याण ट्रस्ट के शराफत हुसैन घोसी, फायसागर रोड विकास समिति के पूनमचन्द बालोटिया सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, डिप्टी सीएम दीया कुमारी व कलेक्टर लोक बंधु से शहर में पीने के पानी की आपूर्ति नियमित 24 घंटे के अंतराल में सुचारू और उचित दबाव के साथ करवाने की मांग की है।

## लायंस क्लब ने जरुरतमंद बच्चों को प्रदान किए गर्म वस्त्र

**अजमेर।** जरुरतमंदों की सेवा करने का लक्ष्य लिए मंगलवार को लायंस क्लब इंटरनेशनल 3233 ई 2 के प्रांतपाल कुचामन निवासी लायन श्याम सुंदर मंत्री द्वारा पहले करते हुए लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा तीर्थराज पुष्कर के गनाहेडा क्षेत्र में चल रहा मंडला विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले जरूरतमंद परिवार के बच्चों को ठंड से बचाव के लिए समाजसेवी लायन राकेश पालीवाल, लायन अतुल पाटनी एवं पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन मधु पाटनी सहित अन्य भामाशाहों के सहयोग से ऊनी वस्त्र भेंट किए। क्लब अध्यक्ष लायन रूपेश राठी ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक एवं प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य लायन अतुल पाटनी के संयोजन में विद्यालय के व्यवस्थापक बुद्धि प्रकाश शर्मा एवं शिक्षिका डिम्पल गौड़ को 70 जैकेट विद्यार्थियों के मध्य वितरण करने हेतु भेंट किए जिन्हें विद्यालय में बच्चों को प्रदान किए। सेवा पाकर सभी बच्चों खुश नजर आए।

## आत्मा का परमात्मा से मिलन का अनुभव ही महारास : बृजमोहन शास्त्री

### भागवत कथा में रुक्मणि विवाह सहित अन्य प्रसंग सुनाए



**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** काली माता मंदिर ग्राम रिठौरा कला जिला मुरैना में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में छठे दिन मंगलवार को महारास की दिव्य कथा का श्रवण कराया। कथा व्यास पंडित ब्रजमोहन शास्त्री ने श्रीमद्भागवत कथा में महारास का अर्थ बताते हुए उसकी व्याख्या की, उन्होंने कहा कि जब जीवात्मा का परमात्मा तत्व से मिलन का अनुभव होता है उस परम अनुभूति का नाम ही महारास है, जिसे योगिजन समाधि कहते हैं, संसार के जीव आत्मा है और श्रीकृष्ण परमात्मा तत्व है, जहां आत्मा और परमात्मा का मिलन होता है और परमानंद का अनुभव होता है। कथा में भगवान द्वारकाधीश एवं रुक्मणी का विवाह उत्सव की कथा का वर्णन किया और विवाह उत्सव भी मनाया गया। उत्सव के दौरान श्रीकृष्ण रुक्मणी एवं सखियों की सजीव झांकी भी सजाई गई, जिसका श्रद्धालुओं ने दर्शनलाभ लिया। भजन मंउली द्वारा मोहन एक बार आओ तो सरी राधा अकेली खड़ी हू भजन सुनाया जिस पर पांडाल में मौजूद भक्त भावविभोर होकर झूम उठे। कथा के समापन पर परिक्षित प्रेमवती व हरि गोविंद सहित सभी श्रद्धालुओं ने आरती की तत्पश्चात श्रद्धालुओं प्रसाद का वितरण किया गया। कथा का विराम 28 नवंबर को पूर्णाहुति के साथ होगा।

# सिन्धी शायरी सिखाने के लिए वर्कशाप का आयोजन

## सिन्धी मूल लिपि को और विकसित करने के हों प्रयास : संत गाफिल



**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** सिन्धी भाषा एवं लिपि के साथ-साथ गीत संगीत के विशेषज्ञ दरबार साहिब बाबा हरदयाल के सन्त स्वामी अशोक गाफिल द्वारा दरबार के माध्यम और अपने सत्संग प्रवचनों के कार्यक्रमों के माध्यम से भी सिन्धी भाषा एवं लिपि व गीत संगीत के माध्यम से सिन्धी भाषा व संस्कृति को संजोये रखने के निरन्तर प्रयास किए जाते हैं।

पूज्य सिन्धी पंचायत अजमेर के महासचिव रमेश लालवानी व राजेश लालवानी ने बताया कि सिन्धी शायरी सिखाने के लिए आयोजित वर्कशाप में सिन्धी मूल लिपि को विकसित करने के लिए सेवा सदन कालेज उलहासनगर में दो दिवसीय सिंधी शायरी के वर्कशॉप का आयोजन किया गया था, जिसमें हमारी भाषा के अदबी क्लास के 22 पुराने अदीब और 23 नवीन सिन्धी भाषियों ने कुल 45 सदस्यों ने इस वर्कशाप के माध्यम से सिन्धी शायरी सीखने और प्रशिक्षित होने का लाभ लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. विनोद आसूदानी ने की। गजल किस प्रकार लिखी जाती है, उसका बहुत ही सरल तरीके बहिर वजन अर्थ समझना और अनेक महत्वपूर्ण पहलुओ की जानकारी भी प्रदान की गई। दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन अवसर पर समस्त भागीदारो द्वारा मूल सिन्धी में अपनी अपनी रचित कविता की प्रस्तुति दी गई। पूज्य सिन्धी पंचायत अजमेर के कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र मूरजानी, रमेश लालवानी, राधाकिशन दौलतानी, कमलेश लोकवानी, भगवान वरलानी, मंधाराम भिरयानी, किशोर विधानी, राजेश झूरानी, किशोर मंगलानी, गोविन्द लालवानी ने कार्यशाला में सम्मलित होने वाले शायरो को शुभकमनाएं दी।

## रीट 2024-25 भर्ती में सिन्धी शिक्षकों के पद सृजित करने की मांग



**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** भारतीय सिंधु सभा राजस्थान की ओर से शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को तीन बिन्दुओं पर ज्ञापन देकर मांग की गई कि रीट 2024-25 भर्ती में सिन्धी शिक्षको के पद सृजित किए जाए। शिष्टमण्डल के पदाधिकारियों राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार तीर्थाणी, प्रदेश संरक्षक सुरेश कटारिया, प्रदेश मंत्री मनीष गुवालाणी, संभाग प्रभारी मोहन तुलस्याणी व संगठन मंत्री लक्ष्मणदास लालवाणी ने शिक्षा मंत्री दिलावर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंप कर मांग की, जिस पर शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया।

प्रदेश भाषा व साहित्य मंत्री डॉ प्रदीप गेहाणी ने बताया कि वर्तमान में स्कूली सिंधी शिक्षण व्यवस्था की औपचारिक शिक्षा हेतु सरकार सिन्धी विषय के व्याख्याता पदों की भर्तीए पूर्व में नियुक्त तृतीय श्रेणी सिन्धी अध्यापकों को नियुक्ति देने और रीट 2024-25 में नई शिक्षा नीति के तहत सिंधी अध्यापकों के पदों का सृजन की मांग की गई है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार तीर्थाणी ने ज्ञापन देते हुए कहा कि यह वर्तमान में शिक्षा के क्षेत्र में भी मातृ भाषा और संस्कृति को बचाने के नवीन प्रयास करने होंगे। ये प्रयास ऐसे अभिनव प्रयासों की श्रेणी बनें जो युवा पीढ़ी को सिन्धी भाषा संस्कृति और साहित्य से जोड़े।